बांसुरी बजाने वाला | By Varsha Shrivastava

राधा के मन बस गए नन्द के लाला
मन मोहन कान्हा राधे राधे कृष्ण गोपाला
कमल है नयन है लट घुंघराला
मोर का पंख मुकुट है निराला
जय राधे राधे श्याम रटे बृजबाला
बांसुरी मधुर बजाने वाला
बांसुरी मधुर बजाने वाला

ऐसी लगन मेरी राधा को लागी
श्याम प्रेम में भयी बैरागी
राधा जी गौरी मेरा श्याम है काला
जय राधे राधे श्याम रटे बृजबाला
बांसुरी मधुर बजाने वाला
बांसुरी मधुर बजाने वाला

मधुबन की झांकी तेरी राधेश्याम
देखे बिन मुझको ना मिलता है आराम
सूरत पे लुट गया दिल मतवाला
तेरी सूरत पे लुट गया दिल मतवाला
जय राधे राधे श्याम रटे बृजबाला
बांसुरी मधुर बजाने वाला
बांसुरी मधुर बजाने वाला

भाग्य हैं मेरी राधिका के जागे
श्याम हैं तेरे पीछे पीछे भागे
राधा है कृष्ण, कृष्ण है राधा
जय राधे राधे श्याम रटे बृजबाला
बांसुरी मधुर बजाने वाला
बांसुरी मधुर बजाने वाला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-varsha-shrivastava/